दैनिक जागरण
बरेली, सोमवार 14 सितंबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

**PAGE NO. III:BOTTOM**




एसआरएमएस में आयोजित कांफ्रेंस में मौजूद डाक्टर व स्टाफ •सौ. एसआरएमएस

## बीमारियों के अलग-अलग विधि से आपरेशन

बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आयोजित दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलाजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप का रविवार को समापन हो गया। कांफ्रेंस के चेयरमैन डा. एसके सागर ने बताया कि पहले दिन इंटरनेशनल सोसायटी आफ कोलोप्रोक्टोलाजी (आइएससीपी) के पूर्व प्रेसिडेंट डा. प्रशांत रहाटे ने चिवेट्स सैक्रोरेक्टोपेक्सी विधि से मरीज का आपरेशन किया, जो कई वर्षों से रेक्टल प्रोलैप्स से परेशान थे। इसके बाद आइएससीपी के एकेडेमिक कंवीनर डा. दिनेश शाह ने ग्रेड 3 बवासीर से जूझ रहे मरीज का चिवेट्स हेमोरायडोपेक्सी विधि से, डा. अंशुल शाह ने ईयूए विधि से और डा. एसके निगम ने लेटरल इंटरनल स्फिंक्टरोटामी विधि से मरीजों का आपरेशन किया। इस अवसर पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एसोसिएशन आफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के अध्यक्ष डा. कौशल कुमार, सेक्रेटरी डा. सुजाय मुखर्जी, डा. अमित सिंह आदि मौजूद रहे। वि

दैनिक जागरण
Bareilly, Monday, 14 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10
inext

**PAGE NO. 4: MIDDLE**

## जायंट्स ग्रुप मेंबर्स ने रक्तदान कर समाजसेवा का दिया संदेश




bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (13 Sep):** जायंट्स ग्रुप ऑफ बरेली की ओर से जायंट्स वीक 2026 का शुभारंभ रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ हुआ. सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया. ग्रुप अध्यक्ष अभय जसोरिया ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की. सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि ग्रुप लगातार रक्तदान सहित विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करता रहा है. कार्यक्रम संयोजक असित माहेश्वरी, रमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल एवं डॉ. मुकुल ने व्यवस्थाएं संभालीं. मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के सहयोग से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल टीम ने ईसीजी, लंग फंक्शन टेस्ट और बोन मिनरल डेंसिटी समेत कई जांचें कीं. डॉ. राजीव गोयल, डॉ. ऋतु राजीव और मुदित अग्रवाल का सहयोग रहा.